In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

महाकविजयदेवविरचितं

प्रसन्नराघवम्

डॉ॰ आर. एस. त्रिपाठी

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

THE PRASANNARĀGHAVA OF JAYADEVA

Edited
with the Sanskrit Commentary, Hindī translation,
Critical and Explanatory Notes and
Literary Introduction

by

Dr. R. S. Tripathi
Department of Sanskrit and Pali
Banaras Hindu University
Varanasi-5

MOTILAL BANARSIDASS
DELHI :: VARANASI :: PATNA

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

महाकविजयदेवविरचितं

प्रसन्नराघवम्

रमानाम्न्या संस्कृतटीकया राष्ट्रभाषानुवादेन
टिप्पण्या भावभरितया विस्तृत-
भूमिकया च सनाथीकृतम् ।

टीकाद्विप्रणेता सम्पादकश्च

डॉ० रमाशङ्कर त्रिपाठी

व्याकरणाचार्यः, एम० ए०, पी-एच० डी०,
संस्कृतपालिविभागः
काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः
वाराणसी–५

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली : वाराणसी : पटना

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

समर्पण

जिसके हृदयामृत का पान कर

सोचने और समझने की

चेतना प्राप्त हुई

उन्हीं

स्वर्गगता

माँ

'अञ्जना'

को

श्रद्धासहित

समर्पण

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्राक्कथन

बात प्रायः १३-१४ वर्ष पहले की है। मैं शास्त्री प्रथम वर्ष का विद्यार्थी था। उस वर्ष जाड़े के ऋतु में विद्यालय का वार्षिकोत्सव होने वाला था। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता का भार उत्तर प्रदेश के तात्कालिक मन्त्री डा० सम्पूर्णानन्द जी ने स्वीकार किया था। उस उत्सव में प्रसन्नराघव के चतुर्थ अङ्क का अभिनय भी होना निश्चित था। यतः उसमें परशुराम का पाठ वीरता और महत्ता से पूर्ण है, अतः उसका भार मुझे सौंपा गया। यह तो संयोग की बात थी कि बाबू सम्पूर्णानन्द, एक दिन पूर्व अस्वस्थ हो जाने से अथवा किसी अन्य अनिवार्य कारणवश, उत्सव की अध्यक्षता न कर सके और उसे उस समय स्थगित करना पड़ा। किन्तु उसके बाद बड़े से बड़े कतिपय अवसरों पर मुझे परशुराम का अभिनय करने का अवसर मिला। तभी से जयदेव की कविता ने मुझे अपनी ओर इस तरह आकृष्ट किया कि उस पर मैंने कुछ लिखने का पूर्ण निश्चय कर लिया था। और आज उस निश्चय को कार्यान्वित कर विद्वानों के हाथों में समर्पित करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। अपने उद्देश्य में मुझे कहाँ तक सफलता मिली है, इसका आकलन मेरा कार्य नहीं है। कवि के भावों की गहराई तक पहुँच कर उसे सामान्य भी संस्कृतज्ञ के समक्ष रख उसकी पूरी भलाई करने का प्रयास किया गया है। किन्तु इस प्रयास में भी किस सीमा तक मैं सफल रहा, यह तो वे ही जानें।

किसी महाकवि की कविता के भावों को सरल शब्दों में पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने में जो कठिनाइयाँ होती हैं उन्हें कोई भुक्तभोगी विद्वान् ही जान सकता है। इस तरह के कार्य के लिए सारस्वत ज्ञान के साथ ही बाह्य सुविधाओं का होना भी नितान्त आवश्यक है। अन्यथा व्यक्ति को महती कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मेरे लिए तो ये कठिनाइयाँ और बढ़ जाती हैं। यतः मैं विश्वविद्यालय का वेतनभोगी सेवक हूँ। अपने परिवार का अभिभावक हूँ। डेढ़ वर्षीय बालक 'बालकृष्ण' का क्रीडा-साथी हूँ। अपनी आयु के प्रायः पाँच मास व्यतीत करने वाले बालक 'आनन्दकृष्ण' का धातृकर्मसहाय हूँ। घर का सार्वकालिक अवैतनिक सेवक हूँ। कहाँ तक कहूँ ? बस, यही समझ लिया जाय कि मैं एक गृहस्थ हूँ। इस तरह के व्यक्ति को वैचारिक मन्थन में कितनी कठिनाइयाँ होती हैं ? इसे तो कोई गृहस्थ लेखक या विचारक ही समझ सकता है। फिर भी मैंने इस कार्य को पूर्ण किया है। एतदर्थ ईश्वर और गुरुचरणों के आशीष का विशेष आभार मानता हूँ।

'प्रसन्नराघव' के इस संस्करण को वर्तमान रूप देने में यथासमय प्राप्त कतिपय संस्करणों से सहायता उपलब्ध हुई है। पाठ की दृष्टि से निर्णयसागर के पाठ को निर्णा-

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

यक माना गया है। किन्तु फिर भी आवश्यकतानुसार यत्र-तत्र संशोधन किया ही गया है। संस्कृत की पूर्ववर्तिनी टीकाओं में गङ्गानाथ शर्मा की टीका अधिक प्रेरणा-प्रद रही। बाद के प्रसिद्ध टीकाकारों ने इससे पर्याप्त सहायता ली है। इसके अतिरिक्त भूमिका लिखने में भी कतिपय विद्वानों की कृतियों से सहायता ली गई है। इन सभी ग्रन्थों के विद्वान् लेखकों का मैं हृदय से आभारी हूँ।

मोतीलाल बनारसीदास की वाराणसी शाखा के व्यवस्थापक श्री सुन्दरलाल जैन तथा उनके तरुण सहयोगी कुमारजी जैन भी अपने सहयोगात्मक कृत्यों के लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

मकरसंक्रान्ति   —रमाशङ्कर त्रिपाठी

वि० सं० २०२६

१४–१–१९७०

———

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्रस्तावना

संस्कृत के रूपकाकाश में महाकवि जयदेव कब प्रादुर्भूत तथा सुप्रसन्न हो आलोकित हुए इसका निर्देश उन्होंने स्वयं कहीं नहीं किया है। संस्कृत भाषा के महाकवियों के लिए यह कोई नवीन बात नहीं है। कविताकामिनी-विलास महाकवि कालिदास, संस्कृत-विभूति भवभूति तथा संस्कृत के क्रान्तिकारी कवि शूद्रक प्रभृति महाकवियों ने भी अपने सत्ताकाल एवं आश्रयदाता आदि के विषय में कुछ भी निर्देश नहीं किया है। अपनी प्रतिभा के प्रकाश से विश्व को आलोकित करनेवाले इन महाकवियों ने अपनी दैशिक तथा कालिक परिधि के उल्लेख की कोई आवश्यकता ही न समझी। इस अकिञ्चित्कर बात की ओर उनका ध्यान ही न गया। वे सार्वदेशिक तथा सार्वकालिक कवि थे। उनकी महत्ता का इयत्ता देश तथा काल से घेरी नहीं जा सकती। अपने स्थान और काल की बात को लिखना वे अधिक महत्त्वपूर्ण न समझते थे।

इसके अतिरिक्त दूसरी बात यह है कि कुछ सदियों पूर्व इस तरह की बात लिखने की परम्परा भारत में प्रचलित न थी। उनकी कृतियों को लेकर कभी इतिहास के भव्य भवन का निर्माण होगा—कदाचित् यह बात उनके सामने न थी। वे केवल वर्तमानकालिक अपनी कीर्ति से ही सन्तुष्ट थे। यही कारण है कि अन्य महाकवियों की तरह जयदेव ने भी अपने निवास और समय के विवरण को नहीं दिया। फिर भी बाह्य एवं आभ्यन्तर प्रमाणों के आधार पर जयदेव के स्थान एवं काल के विषय में तथ्य को प्रत्यक्ष करने का प्रयास करेंगे।

जयदेव का समय

इस महाकवि के समय निर्धारण के पूर्व यहाँ यह लिख देना आवश्यक है कि प्रसन्नराघव नाटक के रचयिता जयदेव और चन्द्रालोक के निर्माता जयदेव एक ही हैं। प्रसन्नराघव की प्रस्तावना में ही यह सूचित किया गया है कि—इस नाटक के रचयिता सुमित्रा की कोख से जन्म लेनेवाले महादेव के पुत्र कविश्रेष्ठ जयदेव हैं[1]। इसी तरह चन्द्रालोक के प्रत्येक मयूख के अन्त में इसके रचयिता जयदेव ने अपनी

---

१. "कवीन्द्रः कौण्डिन्यः स तव जयदेवः श्रवणयो-
रयासीदातिथ्यं न किमिह महादेवतनयः।"
"लक्ष्मणस्येव यस्यास्य सुमित्राकुक्षिजन्मनः।
रामचन्द्रपदाम्भोजे भ्रमद्भृङ्गायते मनः॥"
(प्रसन्न० १—१४, १५)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

माता का नाम सुमित्रा और पिता का नाम महादेव बतलाया है।[1] इन्हीं जयदेव का नाम 'पीयूषवर्ष' था इस बात को स्वयं उन्होंने चन्द्रालोक के प्रथम मयूख में ही कहा है।[2] इसके लिए चन्द्रालोक पर गागाभट्ट की राकागम नामक टीका की दुहाई देना अनावश्यक है, द्राविड प्राणायाम है, अपुष्ट प्रमाण है। माता पिता एवं कर्ता के नाम-साम्य से यह पूर्ण निश्चय हो जाता है कि ये दोनों ग्रन्थ एक ही कवि की प्रतिभा के विलास हैं। इन नामों की समानता के अतिरिक्त चन्द्रालोक एवं प्रसन्नराघव के एक व्यक्ति की रचना होने में दूसरा प्रबल प्रमाण है—शैली, भावों एवं कतिपय शब्दों की एकरूपता। यदि चन्द्रालोक के कर्ता कृती पीयूषवर्ष जयदेव हैं तो प्रसन्नराघव के रचयिता अनुपमरस (पीयूष = अमृत) के प्रवाह से मधुर वचन-विलासवाले कवीन्द्र जयदेव हैं।[3] निश्चय ही प्रसन्नराघव में बहनेवाले असमरस (अमृत) के इसी निरन्तर प्रवाह की मधुरता का ही परिणाम रहा कि बाद में चन्द्रालोक के निर्माण काल तक पहुँचते-पहुँचते जयदेव को पीयूषवर्ष इस महती उपाधि से विभूषित किया गया होगा।

इस तरह चन्द्रालोक तथा प्रसन्नराघव के एक कवि की कृतियाँ सिद्ध हो जाने पर महाकवि जयदेव के काल-निर्धारण में महती और सुनिश्चित सहायता प्राप्त होगी। अतः अब यहाँ उनके स्थिति-काल के विषय में विचार किया जायगा।

अलङ्कार सम्प्रदाय के महान् हिमायती (समर्थक) जयदेव ने अपने अलङ्कार ग्रंथ चन्द्रालोक के प्रारम्भ में ही ध्वनिसम्प्रदाय के परमाचार्य काव्यप्रकाशकार मम्मट की काव्य-परिभाषा का सोपहास खण्डन किया है।[4] काश्मीर-तिलक मम्मट का समय ११ वीं शतीका उत्तरार्द्ध है। इससे जयदेव का स्थितिकाल ११ वीं शताब्दी के बाद ही किसी समय होना चाहिये। जयदेव ने अलङ्कार-परिभाषाओं में अलङ्कारसर्वस्व के रचयिता रुय्यक का अनुकरण किया है। "विकल्प" और "विचित्र" अलङ्कारों के प्रथम उद्भावक आचार्य रुय्यक माने जाते हैं।[5] इन दोनों अलङ्कारों की परिभाषाओं की तुलना करने पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि जयदेव ने रुय्यक का अनुकरण किया है—

---

१. महादेवः सत्रप्रमुखमखविद्यैकचतुरः,
सुमित्रा तद्भक्तिप्रणिहितमतिर्यस्य पितरौ।
अनेनासावाद्यः सुकविजयदेवेन रचिते
चिरं चन्द्रालोके सुखयतु मयूखः सुमनसः॥ (चन्द्रा० १—१६)

२. चन्द्रालोकममयं स्वयं वितनुते पीयूषवर्षः कृती॥ (चन्द्रा० १—२)
अनेनासावाद्यः सुकविविजयदेवेन रचिते
चिरं चन्द्रालोके सुखयतु मयूखः सुमनसः॥ (वही० १—१६)

३. 'विलासो यद्वाचामसमरसनिष्यन्दमधुरः' इत्यादि (प्रसन्न० १—१४)

४. अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती।
असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती॥ (चन्द्रा० १—८)

५. अनेनास्य ग्रन्थकृदुपज्ञत्वमेव दर्शितम्। (अलंकारसर्वस्व की जयरथकृत विमर्शिनी टीका)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

"तुल्यबलविरोधो विकल्पः" (अलङ्कारसर्वस्व ६४)
"विकल्पस्तुल्यबलयोर्विरोधश्चातुरीयुतः" (चन्द्रालोक ५।९६)
"स्वविपरीतफलनिष्पत्तये प्रयत्नो विचित्रम्" (अलङ्कारसर्वस्व ४७)
"विचित्रं चेत्प्रयत्नः स्याद् विपरीतफलप्रदः" (चन्द्रालोक ५।८२)

इसके अतिरिक्त अलङ्कारों की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई संख्या भी यही सिद्ध करती है कि जयदेव रुय्यक के बाद के आलङ्कारिक हैं। काव्यप्रकाशकार मम्मटाचार्य ने ६१ तथा रुय्यक ने ७५ और जयदेव ने १०० अलङ्कारों को माना है। रुय्यक का सत्ताकाल द्वादश शताब्दी का पूर्वार्द्ध है! ये काश्मीर के राजा जयसिंह (११२८–४९ ई०) की राजसभा में उपस्थित महाकवि मङ्खक के गुरु थे। अतः जयदेव का काल १२ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध के बाद ही होना चाहिये।

जयदेव ने अपने चन्द्रालोक के प्रत्येक मयूख का अन्तिम श्लोक श्री हर्ष के नैषधचरित के प्रत्येक सर्ग के अन्तिम श्लोक की अनुकृति पर लिखा है। अपने कवित्व शक्ति के साथ-साथ पाण्डित्य के धनी और मानी कवि हर्ष जयदेव की नकल करेंगे यह उपहासास्पद प्रतीत होता है। अतः यह निश्चय है कि जयदेव ने ही श्री हर्ष का अनुकरण किया है। इसके अतिरिक्त यदि यह मान लिया जाय कि जयदेव ने प्रसन्नराघव की प्रस्तावना के २२ वें श्लोक में अन्य कवियों के साथ जिस हर्ष का उल्लेख किया है[1] वे नागानन्द तथा रत्नावली आदि नाटक-नाटिकाओं के रचयिता महाराज हर्ष न होकर 'नैषधीयचरित' के प्रणेता महाकवि श्री हर्ष ही हैं तो नकल करने के विषय की शङ्का ही पूर्णतया निर्मूल हो जाती है। तब तो यह सूर्य की भाँति स्पष्ट हो जाता है कि जयदेव ने ही श्री हर्ष का अनुकरण किया है। वस्तुतः यही बात तथ्य और पूर्ण सत्य भी है। श्री हर्ष का काल बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध कान्यकुब्जाधिपति जयचन्द्र का राज्यकाल है। अतः जयदेव का समय १२ वीं शताब्दी के बाद ही किसी समय होना चाहिये।

इस तरह १२ वीं शताब्दी के पूर्व सीमा निश्चित हो जाने पर आइये अब जयदेव की उत्तर सीमा पर भी विचार कर लिया जाय।

अलङ्कारशेखर के निर्माता केशव मिश्र १६ वीं शताब्दी में उपस्थित थे। इन्होंने उत्कलदेश के भूपति के आश्रित जिस जयदेव कवि का निर्देश किया है[2] वे प्रसन्नराघव तथा चन्द्रालोक के रचयिता जयदेव से भिन्न थे अथवा अभिन्न यह पूर्ण निश्चय के साथ नहीं कहा जा सकता। किन्तु उन्होंने ही अपने ग्रन्थ में प्रसन्नराघव नाटक का

---

१. हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः (प्रसन्न० १—२२)।

२. ये केऽप्युत्कलभूपते तव सभासम्भाविताः पण्डिता।
पत्रं श्रीजयदेवपण्डितकविस्तन्मूर्ध्नि विन्यस्यति ॥ (अलंकारशेखर)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

"कदली कदली"[1] इत्यादि पद्य उद्धृत किया है। अतः यह निश्चय है कि जयदेव १६ वीं शताब्दी के पहले ही उत्पन्न हुए थे।

चन्द्रालोक की सम्भवतः सबसे प्राचीन 'शरदागमा' नामक टीका प्रद्योतन भट्टाचार्य के द्वारा लिखी गई थी। टीका के प्रारम्भ से ही यह पता चलता है कि यह टीकाकार रींवानरेश बघेलवंश शिरोमणि श्री वीरभद्रदेव के आश्रित थे। वीरभद्रदेव ने 'कन्दर्पचूडामणि' नामक ग्रन्थ १५७७ ई० में लिखा था[2]। अतः जयदेव का काल १५७७ ई० के पूर्व ही निश्चित किया जाना चाहिये।

विश्वनाथ ने अपने साहित्यदर्पण में प्रसन्नराघव का एक श्लोक उद्धृत किया है—

कदली कदली करभः करभः करिराजकरः करिराजकरः।
भुवनत्रितयेऽपि बिभर्ति तुलामिदमूरुयुगं न चमूरुदृशः॥
(प्रसन्नराघव १–३७ तथा साहित्यदर्पण ४–३)।

विश्वनाथ ने अलाउद्दीन खिलजी को एक श्लोक में उद्धृत किया है।[3] खिलजी का शासनकाल १२९६ से १३१६ ई० तक रहा। इधर विद्वानों ने साहित्यदर्पण की एक हस्तलिखित प्रति जम्मू के पुस्तकालय में ढूँढ़ निकाली है। उसका लेखनकाल सन् १३८३ ई० (सं० १४४०) है। अतः विश्वनाथ का काल १४ वीं शताब्दी का मध्य भाग होना चाहिये।

शार्ङ्गधर पद्धति में प्रसन्नराघव के कतिपय श्लोक उद्धृत हैं।[4] शार्ङ्गधर ने इस पद्धति का निर्माण १३६३ ई० में किया था। अतः जयदेव को १३६३ ई० के पूर्व ही होना चाहिये।

शिङ्गभूपाल ने अपने रसार्णवसुधाकर के तृतीय विलास में प्रसन्नराघव के दो प्रसङ्गों को उद्धृत किया है।[5] शिङ्गभूपाल का काल १३३० ई० है। अतः जयदेव

---

१. कदली कदली करभः करभः करिराजकरः करिराजकरः।
भुवनत्रियतेऽपि बिभर्ति तुलामिदमूरुयुगं न चमूरुदृशः॥ (प्रसन्न० १—३७)

२. हरलोचनहरलोचनरसशशिभिर्विश्रुते समये।
फाल्गुनशुक्लप्रातपदि पूर्णो ग्रन्थः स्मरस्मेरः॥ (कन्दर्प० ७।२।४९)।

३. सन्धौ सर्वस्वहरणं विग्रहे प्राणिनिग्रहः।
अलावुद्दीननृपतौ न सन्धिर्न च विग्रहः॥ (सा० द०, पृ० २६० कलकत्ता)

४. अपि मुदमुपयान्तो वाग्विलासैः स्वकीयैः
परभणितिषु तोषं यान्ति सन्तः कियन्तः।
निजघनमकरन्दस्यन्दपूर्णालवालः
कलशसलिलसेकं नेहते किं रसालः॥ (प्रसन्न० १।१९ तथा शार्ङ्गधरपद्धति १६४)
और भी—शार्ङ्गधरपद्धति ३५२०, ३५५७, ३६२६ तथा ३६३१ और प्रसन्नराघव १।३३, २।२२, ७।५९ तथा ७।६० भी देखें॥

५. 'यथा प्रसन्नराघवे—रावणः—कथय क्व तावत् कर्णान्तनिवेशनीयगुणं कन्यारत्नं कार्मुकञ्च।'
प्रत्यक्मंकुरितसर्वरसावतारं नव्योल्लसत्कुसुमराजिविराजिबन्धम्।
घर्मेतरांशुमिव वक्रतयातिरम्यं नाट्यप्रबन्धमतिमञ्जुलसंविधानम्॥ (प्रसन्न० १।७)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

को १३३० ई० से पूर्ववर्ती होना चाहिये। यदि हम प्रसन्नराघव की प्रसिद्धि के लिए ३० वर्ष की भी अवधि प्रदान करें तो जयदेव का काल १२०० ई० के बाद तथा १३०० ई० के पूर्व बीच में किसी समय होना चाहिये। यदि हम जयदेव की कम से कम ५० वर्ष की आयु का भी अनुमान करें तो इतना निश्चय है कि ये १२५० के आस-पास अवश्य ही भारत-वसुधा को अलंकृत कर रहे थे।

पीयूषवर्षी जयदेव और गीतगोविन्द

क्या गीतगोविन्द, चन्द्रालोक एवं प्रसन्नराघव के निर्माता पीयूषवर्षी जयदेव की रचना है अथवा दूसरे किसी जयदेव की? इस विषय पर अभी तक सभी विचारक एकमत नहीं हो सके हैं। किन्तु यह विषय इतना स्पष्ट है कि थोड़ा भी गम्भीर विचार करने पर इस तरह के प्रश्न के उठने का कोई अवसर ही नहीं उपस्थित होता। गीतगोविन्द के कर्ता जयदेव, भोजदेव तथा राधादेवी (अथवा रामादेवी) के पुत्र थे।[1] इनकी स्त्री का नाम पद्मावती था। यह अद्भुत सुन्दरी थी। महाकवि जयदेव अपनी पूरी कविता शक्ति के साथ उनका अनुवर्तन करते थे।[2] यदि यह कामिनी जयदेव को न मिली होती तो कदाचित् जयदेव गीतगोविन्द जैसे सरस शृङ्गारिक काव्य की रचना में समर्थ न होते। यह बात कटु भले ही हो किन्तु सत्य है।

कुछ लोग कुम्भनृपतिकृत रसिकप्रिया टीका के सहित निर्णयसागर से प्रकाशित गीतगोविन्द में 'श्रीभोजदेवप्रभवस्य' इत्यादि (१२-५) श्लोक की टीका को न देखकर तथा सम्पादक महोदय के द्वारा कोष्ठक में 'अत्र श्रीभोजदेवेति श्लोकस्य टीका नोपलब्धा टीकादर्शपुस्तके' इस तरह की टिप्पणी देखकर विचार करते हैं कि कवि के माता-पिता का परिचायक यह श्लोक प्रक्षिप्त है। अतः प्रामाणिक नहीं है। किन्तु यह अनुमान हास्यास्पद; बालकोचित अतः उपेक्षणीय है। टीकादर्शपुस्तक में उक्त श्लोक के न रहने पर तथा अन्य बहुत से हस्तलिखित ग्रन्थों में इसके रहने पर भी क्यों ऐसा अनुमान कर लिया गया यह बात समझ में नहीं आती इसके अतिरिक्त दूसरी बात यह है कि प्राचीन काल के विद्वान् वंशादि परिचायक तथा अत्यन्त सरल श्लोकों पर टीका नहीं लिखते थे वे उसे इसी तरह छोड़ देते थे, अथवा बहुत हुआ तो उस तरह के श्लोक के नीचे 'सुगमम्' लिख देते थे। तीसरी बात यह भी है कि हस्तलेखों में कभी-कभी लगातार चार-छः श्लोकों की जगह खाली छोड दी जाती थी और उन श्लोकों की टीकाएँ—जो अपेक्षाकृत महीन अक्षरों में होती थी—लिख दी जाती थीं। कभी-कभी श्लोक होते थे और उनकी टीकाओं की जगह खाली छोड़ दी जाती थी। ऐसा क्यों किया जाता था यह बात समझ में नहीं आती। यदि उन स्थलों में

---

१. श्रीभोजदेवप्रभवस्य राधादेवीसुतश्रीजयदेवकस्य।
पराशरादिप्रियवर्गकण्ठे श्रीगीतगोविन्दकवित्वमस्तु॥ (गीतगोविन्द १२—५)

२. पद्मावतीचरणचारणचक्रवर्ती। गीतगोविन्द १—२॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

कलम टूटने या खराब होने की बात सोची जाय तो भी बात जमती नहीं है। लेखक के पुनः लिखना शुरू करने पर उसे लिखकर ही आगे बढ़ना चाहिये था। जो भी कुछ हो किन्तु किसी एक हस्तलेख में किसी श्लोक की टीका के न रहने पर वह श्लोक—जब कि वह वहाँ है भी—अप्रामाणिक मान लिया जाय यह बात तर्कसंगत नहीं बैठती। अतः जल्दी की सूझ-बूझ होने के कारण यह विचार उपेक्षणीय है। इसके बल पर प्रसन्नराघव तथा चन्द्रालोक के कर्ता जयदेव तथा गीतगोविन्द के कर्ता जयदेव की अभिन्नता सिद्ध नहीं की जा सकती। निश्चय ही ये दोनों कवि भिन्न हैं। इनकी भिन्नता आगे के प्रमाणों से और भी पुष्ट हो जाती है।

इनकी भिन्नता को सिद्ध करने के लिए चन्द्रदत्त कवि के 'भक्तमाल' की दुहाई कुछ भी कारगर नहीं होती। यदि भक्तमाल और भोजप्रबन्ध जैसे ग्रन्थों के आधार पर इतिहास के भव्य भवन की भित्ति खड़ी करने का प्रयास किया गया तो शायद इतिहास यथार्थ इतिहास न होकर बच्चों की मनोरञ्जक कहानियों की रँगीली पुस्तकमात्र बन जायगा।

बङ्गदेश में बल्लालसेन के पुत्र लक्ष्मणसेन ११ वीं शताब्दी में राज्य करते थे। यह बात गया के पास से प्राप्त एक शिलालेख से प्रमाणित हो चुकी है। इन लक्ष्मणसेन की राजसभा में (१) आर्यासप्तशतीकार गोवर्धनाचार्य, (२) शरण कवि, (३) जयदेव, (४) उमापति और (५) कविराज ये पाँच प्रमुख सभापण्डित थे। राजा लक्ष्मणसेन के सभा भवन के द्वार पर इन सभारत्नों के नाम शिलापट्ट पर एक श्लोक के रूप में निम्नलिखित रूप से अङ्कित थे—

गोवर्धनश्च शरणो जयदेव उमापतिः।
कविराजश्च रत्नानि समितौ लक्ष्मणस्य तु॥

इनमें गोवर्धनाचार्य 'आर्यासप्तशती' के रचयिता के रूप में अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। जयदेव गीतगोविन्द के कर्ता के रूप में विश्वविश्रुत हैं। 'कविराज' पद कदाचित धोयी कवि के लिए प्रयुक्त हुआ है। जयदेव कवि ने 'गीतगोविन्द' में अपने इन साथी कवियों का उल्लेख इस प्रकार किया है—

वाचः पल्लवयत्युमापतिधरः सन्दर्भशुद्धिं गिरां
जानीते जयदेव एव शरणः श्लाघ्यो दुरूहद्रुतेः।
शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैराचार्यगोवर्धन-
स्पर्धी कोऽपि न विश्रुतः श्रुतिधरः धोयीकविक्ष्मापतिः॥
(गीतगोविन्द १-४)

इस तरह शिलालेख की बात गीतगोविन्द से और पुष्ट हो जाती है। महाराज लक्ष्मणसेन का समय एकादश शताब्दी का अन्त तथा द्वादश शताब्दी का आरम्भ है। यही काल गीतगोविन्द के रचयिता जयदेव का भी है। अतः १२५० ई० के आस-

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पास स्थित प्रसन्नराघव तथा चन्द्रालोक के कर्ता जयदेव से इनकी एकता कैसे सिद्ध की जा सकती है ? जब कि दोनों के समय में प्रायः १५० वर्ष का अन्तर सिद्ध है।

गीतगोविन्द के रचयिता का जन्म बंगाल के वीरभूमि जनपद के किन्दुबिल्व ग्राम में हुआ था[१]। आज भी 'केंदुली' में हजारों वैष्णव साधुजन एकत्रित हो इस महान् वैष्णव कवि के प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धा की अभिव्यक्ति करते हैं। चन्द्रालोक एवं प्रसन्नराघव के रचयिता जयदेव की जन्मभूमि विदर्भ का कुण्डिनपुर स्थान है।[२] प्रसन्नराघव में आये 'कौण्डिन्य' शब्द की गोत्रपरक व्याख्या को भी स्थानपरक व्याख्या के परिसर में ही देखना समीचीन होगा।

प्रसन्नराघव के कर्ता जयदेव एकमात्र रामोपासक हैं। उनका चित्तचकोर रामचन्द्र में ही पूर्ण निमग्न है।[३] उनका मन-भ्रमर रामचन्द्र के ही चरण-कमल का उपासक है।[४] उनकी दृष्टि में कविता की सार्थकता रामचन्द्र के ही गुणगान में है। इसके बिना वह वन्ध्या है, निष्फल है।[५] जब कि गीतगोविन्द के रचयिता जयदेव कृष्णैकतान हैं, एकमात्र कृष्ण में ही लीन हैं।[६] उन्होंने एकमात्र हरि (कृष्ण) के ही चरणों में शरण ले रक्खी है। ऐसी अवस्था में दोनों के कर्ता कवि कैसे एक हो सकते हैं। आज के युग के प्राणी को भले ही राम और कृष्ण में भेद न दिखलाई पड़े किन्तु आज से कई सौ वर्ष पूर्व इस बात को सोचना सम्प्रदाय के साथ धोखा, इष्टदेव के प्रति विश्वास की कमी मानी जाती थी।

अब तक के विवेचन से इतना तो बहुत स्पष्ट हो चुका है कि गीतगोविन्द के कर्ता जयदेव कवि तथा प्रसन्नराघव एवं चन्द्रालोक के कर्ता जयदेव कवि पूर्णतः भिन्न हैं। इनकी एकता कथमपि सम्भव नहीं।

पक्षधर मिश्र और पीयूषवर्षी जयदेव

प्रसन्नराघव के कर्ता ने प्रस्तावना में ही अपने आपको 'प्रमाण-प्रवीण' (तर्क-शास्त्र में निष्णात) बतलाया है।[८] उनका कहना है कि काव्यनिर्माण की कोमल कला तथा कर्कश तर्क वचन बोलने की क्षमता—दोनों ही एक साथ रह सकती हैं। इससे

---

१. वर्णित जयदेवकेन हरेरिदं प्रणतेन।
किन्दुबिल्वसमुद्रसम्भवरोहिणीरमणेन ॥ गीतगोविन्द ३—८ ॥

२. कवीन्द्रः कौण्डिन्यः स तव जयदेवः श्रवणयो-
रयासीदातिथ्यं न किमिह महादेवतनयः ॥ प्रसन्नराघव १—१४ ॥

३. 'मम तु रामचन्द्र एव निर्भरमानन्दितोऽयं चित्तचकोरः।' (प्रसन्नराघव, प्रस्तावना, पृ० १४)

४. रामचन्द्रपदाम्भोजे भ्रमद्भृङ्गायते मनः ॥ प्रसन्न० १—१५ ॥

५. किं वन्ध्यः क्रियते विना रघुकुलोत्तंसप्रशंसाफलम् ॥ (प्रसन्न० १—१३)

६. तत्सर्वं जयदेवपण्डितकवेः कृष्णैकतानात्मनः ॥ गीतगोविन्द १२—३ ॥

७. हरिचरणशरणजयदेवकविभारती ॥ गीतगोविन्द ७—८ ॥

८. नन्वयं प्रमाणप्रवीणोऽपि श्रूयते। (पृ० २२)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

काव्य की कोमलता में कमी नहीं आ सकती।[1] बस, इसी एक स्थल को देखकर कुछ लोगों की धारणा है कि मिथिला के तार्किक-प्रवर जयदेव मिश्र, न्याय के क्षेत्र में जिन्हें 'पक्षधर' इस उपनाम से जाना जाता था तथा प्रसन्नराघव एवं चन्द्रालोक के रचयिता जयदेव, साहित्य के क्षेत्र में जो 'पीयूषवर्ष' इस उपनाम से जाने जाते थे—एक हैं। किन्तु यह धारणा मिथ्या एवं भ्रामक है।

लोगों की यह मान्यता है कि पक्षधर मिथिलानरेश भैरवसिंह के राज्य-काल में उपस्थित थे। ऐतिहासिक विद्वान् भैरव सिंह का समय १५ वीं शताब्दी मानते हैं। विद्वानों ने पक्षधर मिश्र के हाथ से लिखा हुआ एक विष्णुपुराण खोज निकाला है। इसका लिपि-काल ३४५ लक्ष्मण संवत्सर है—

'बाणैर्वेदयुतैः सशम्भुनयनैः संख्यां गते हायने।
श्रीमद्गौडमहीभृतो गुरुदिने मार्गे च पक्षे सिते॥'

लक्ष्मण संवत्सर का प्रारम्भ १११९ ई० में हुआ है। इस प्रकार १११९ + ३४५ = १४६४ ई० में पक्षधर की स्थिति युक्तियुक्त प्रतीत होती है। इस तरह पक्षधर जयदेव तथा पीयूषवर्षी जयदेव की अभिन्नता कभी नहीं सिद्ध की जा सकती।

पक्षधर मिश्र ने गङ्गेशोपाध्याय विरचित 'तत्त्वचिन्तामणि' ग्रन्थ के ऊपर 'तत्त्व-चिन्तामण्यालोक' नामक टीका-ग्रन्थ लिखा है। इनके एक दूसरे ग्रन्थ का नाम 'द्रव्यपदार्थालोक' भी है। इनमें आलोक शब्द को देखकर तथा चन्द्रालोक में भी आलोक शब्द देखकर कुछ विद्वानों की धारणा है कि काव्यकार जयदेव तथा नैयायिक जयदेव एक ही हैं। इन लोगों के मत से 'ध्वन्यालोक' के रचयिता आनन्दवर्धन न होकर जयदेव ही होंगे, क्योंकि इसमें भी आलोक शब्द अन्त में लगा हुआ है। ऐसी स्थिति में प्रसन्नराघव के अतिरिक्त अनङ्गहर्ष का उदात्तराघव तथा मुरारि का अनर्घ-राघव तथा भास्कर का उन्मत्तराघव भी जयदेव का ही नाटक होना चाहिये, क्योंकि इन सबके अन्त में भी राघव शब्द लगा हुआ है। किन्तु जहाँ तक मैं सोचता हूँ मेरी समझ में यही बात आती है कि स्थिर-मति विचारक कदाचित् इस प्रकार के अस्थिर विचार को मान्यता नहीं प्रदान करेंगे।

इसके अतिरिक्त सबसे मजे की बात तो इस प्रसङ्ग में यह है कि लोगों ने पक्षधर मिश्र के ग्रन्थ का उल्लेख 'मण्यालोक' नाम से किया है। जब कि इस नाम का उनका कोई ग्रन्थ ही नहीं है। उन्होंने तो 'तत्त्वचिन्तामणि' पर आलोक लिखकर उसका पूरा नाम 'तत्त्वचिन्तामण्यालोक' रखा है। यदि उनके ग्रन्थ का नाम 'मण्यालोक' रखा जायगा तो मूलग्रंथ का क्या नाम होगा? तत्त्वचिन्ता! चिन्तामणि के आलोक की बात उत्पन्न हो सकती है न कि तत्त्वचिन्ता के मण्यालोक की बात। कुछ विचारक बन्धु तो इससे भी एक कदम आगे निकल गये और उन्होंने पक्षधर मिश्र के ग्रन्थ का

१. देखिये—प्रसन्नराघव—१—१८॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

नाम 'मान्यालोक' लिख मारा। शायद उन लोगों ने अंग्रेजी से अनुवाद करने के कारण ऐसी गलती कर दी है।

जर्मन विद्वान् औफ्रेक्ट ने अपने 'केटलागोरस केटलागोरम' नामक कैटलाग (ग्रंथसूची) में कुल १५ जयदेव नामक लेखकों का उल्लेख किया है। विद्वानों ने इन जयदेवों में से किन्हीं दो-दो को लेकर एक सिद्ध करने का प्रयास किया है। किन्तु उनका आधार प्रामाणिक नहीं है।[1]

आज से कुछ वर्षों पूर्व किसी भी व्यक्ति को संस्कृत क्षेत्र में मान्य विद्वान् होने के लिए न्यायशास्त्र का पण्डित होना दुर्निवार था। जिस समय जयदेव विद्यमान थे उस समय यह भावना अत्यन्त प्रबल थी। बस, इसी एकमात्र कारण से अपने आपको पण्डित घोषित करनेवाले जयदेव ने स्वयं को प्रमाण-प्रवीण बतलाया है। इसके अतिरिक्त इस कथन के बल पर तार्किक जयदेव के साथ साहित्यिक जयदेव की अभिन्नता सिद्ध करने का प्रयास वितण्डामात्र है।

प्रसन्नराघव का वैशिष्ट्य

पाञ्चालीरीतिप्रधान प्रसन्नराघव कोमल-कान्त पदावली का भव्य निदर्शन है। सुकुमार शब्दों की चित्ताकर्षं लड़ी है। मालती की मनोहर माला है। सुन्दर सूक्तियों का आकार है। निःसन्देह महाकवि जयदेव की सूक्तियाँ सरल, सरस अथ च कोमल हुआ करती हैं। मोतियों की माला के बीच-बीच में मूँगे के दाने के समान प्रसन्नराघव में यत्र-तत्र शब्दों की वक्रता और कठिनता भी कम चित्ताकर्षक नहीं है। प्रसाद, माधुर्य, सुकुमारता और कान्ति गुण प्रसन्नराघव में कूट-कूट कर भरे पड़े हैं। यह पूर्ण सत्य है कि समूचे संस्कृत साहित्य में ऐसा कोई भी कवि नहीं है जो जयदेव के समान कोमल शब्दों के भण्डार पर पूर्ण अधिकार रखता हो। कोमलकान्तपदावली तो मानो इनके वाक्यों में आ-आकर स्वयं जुटती जाती है। इनके काव्य में कहीं ऐसा प्रतीत नहीं होता कि ये शब्दों को जबर्दस्ती ठूँसकर बैठा रहे हैं। आइये जरा इनकी सरस कविता की क्षमता को तो देखिये कि इन्होंने कविता-दूल्हन को किस तरह से सजा-सँवार कर रखा है—

> यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरो
> भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
> हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पंचबाणस्तु बाणः
> केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय॥ १।२२॥

है कोई कविता-कामिनी का ऐसा लम्पट प्रेमी जो उसे इस तरह दिलोजान से प्यार करते हुए सजाने की चेष्टा करे!

---

१. बटुकनाथ शर्मा (पीयूषवर्षी जयदेवः)
सुशीलकुमार दे (संस्कृत पोइटिक्स)

In Public domain. Digitization-Muthulakshmi Research Academy

बाह्याभ्यन्तर ऐसी साज-सज्जा बहुत कम देखने को मिलेगी। इनकी इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि—यदि मेघ अमृत सागर के रस को पीकर उसे ओले के रूप में स्फटिकमणि की तरह पर वर्षावे तो उसे चूसनेवाले को प्रारम्भ में कठिनता और बाद में जिस सरसता का अनुभव होता है ठीक उसी तरह की पूर्व में कठिनता और बाद में सरसता की अनुभूति जयदेव के प्रसन्नराघव को पढ़ने से होती है—

अमृतजलधेः पायम्पायं पयांसि पयोधरः
किरति करकास्ताराकारा यदि स्फटिकाघनौ।
तदिह तुलनामानीयन्ते क्षणं कठिनाः पुनः
सततममृतस्यन्दोद्गारा गिरः प्रतिभावताम् ॥ १–२१ ॥

जयदेव की प्रतिभा चतुर्मुखी है। यदि वह कविता कामिनी को सँवारने की आदी है तो परशुराम जैसे उद्धत योद्धा को धनुष-बाण और परशु से सजाकर जनकपुरी में एकत्रित राजाओं को धमकी दिलाने में सक्षम है। यदि जनक की वाटिका में सीता-राम का मिलन कराकर शृङ्गार की कली खिलाने में प्रतिभासम्पन्न है तो राम-रावण के संग्राम की विभीषिका भी फैलाने में दक्ष है। कालिदास के बाद वीर और शृङ्गार—दोनों रसों को समान भाव से प्रस्फुटित करने की पूरी क्षमता यदि संस्कृत के किसी कवि में है तो वह है महाकवि जयदेव में। प्रसन्नराघव का चतुर्थ अङ्क वीररस एवं कथोपकथन की दृष्टि से संस्कृत नाटक-साहित्य में बेजोड़ है। वैसे तो पूरा चतुर्थ अङ्क ही वीररस की खान है किन्तु—"कथं मामपि प्रणतिपात्रं ब्राह्मणमात्रमिव मन्यसे" (पुनः सामर्षम्)

जानीषे नहि जामदग्न्यमपि रे ! यद्दीर्घदोःकन्दल-
द्वन्द्वास्कन्दितबाहुना रणभुवि स्कन्देन मन्दौजसा।
नास्लाक्षीद् भुजसम्पदं मम कथं वक्त्रानुसारादिति
क्रुद्धेनोद्धतमैक्षि शङ्करकरन्यस्तं विधातुः शिरः ॥ ४–२४ ॥

(पुनः सामर्षम्) किमात्थ रे किमात्थ ! 'न वयं ब्राह्मणेषु प्रवीराः' इति। कथं क्षत्रियजातिगर्वितो ब्राह्मणजातिं तृणाय मन्यसे ? तदिदानीमावयोः का गरीयसीति संग्रामतुलैव निर्णेष्यते।" (पृ० २०४) परशुराम की यह ललकार किसके हृदय में वीरता का सञ्चार नहीं करती ?

इस प्रकार कविता की दृष्टि से प्रसन्नराघव बहुत ही कोमल, प्रसाद गुण से सम्पन्न एवं ललित है। किन्तु नाटकीय दृष्टि से, चतुर्थ अङ्क को छोड़कर, इसका मूल्याङ्कन कुछ भी नहीं किया जा सकता। इसमें प्रसिद्ध घटनाओं का वर्णनमात्र मिलता है। व्यापार की प्रगति तो इसमें है ही नहीं। सत्य तो यह है कि जयदेव में नाटक निर्माण की प्रतिभा ही नहीं है। नाटक की जगह इन्होंने यदि महाकाव्य का सृजन किया होता तो कदाचित् इन्हें अधिक सफलता मिली होती। प्रसन्नराघव सारी अवास्तविक-

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

ताओं, अस्वाभाविकताओं का ऊबड़-खाबड़ सङ्कलन जैसा लगता है। कहीं भौंरों के एवं नदियों के परस्पर वार्तालाप से कथानक को आगे ढकेला गया है तो कहीं पक्षियों की बातचीत से। इसके बाद भी जब जयदेव को कथा-व्यापार आगे बढ़ाने का कोई रास्ता न रह गया तो उन्होंने इन्द्रजाल का आश्रयण लिया। अतः एक विद्याधर को आभिचारिक शक्ति से लंका की घटनाओं को दिखलाना पड़ा है। फिर भी जब गुजर होते न दिखलाई पड़ा तो उन्होंने सप्तम अङ्क में एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन कर दिया, जिसमें अनावश्यक रूप से सन्ध्या, चन्द्रोदय एवं सूर्योदय का दैत्याकार वर्णन प्रस्तुत किया गया। अभिनय की दृष्टि से केवल चतुर्थ अङ्क को छोड़ कर समूचा नाटक अनुपयुक्त एवं अयोग्य है।

जयदेव की कृतियों का उत्तर-साहित्य पर प्रभाव

महाकवि जयदेव के अलङ्कार ग्रन्थ चन्द्रालोक एवं प्रसन्नराघव नाटक का उत्तरवर्ती साहित्य पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा है। अप्पय दीक्षित (१५४९–१६१३ ई० के मध्य में) ने चन्द्रालोक के अलङ्कार प्रकरण को लेकर अपने कुवलयानन्द ग्रंथ की रचना की है—

'चन्द्रालोको विजयतां शरदागमसम्भवः।
हृद्यः कुवलयानन्दो यत्प्रसादादभूदयम्॥

इसी कुवलयानन्द के आधार पर जोधपुरनरेश जसवन्त सिंह (१६८३–१७३५ ई०) ने 'भाषाभूषण' नामक हिन्दी में अलङ्कार ग्रन्थ की रचना की है। कुवलयानन्द से मिलने के कारण यह ग्रन्थ कुछ अंशों में चन्द्रालोक से भी मिल जाता है जिसके कारण कुछ लोगों को भ्रम है कि यह (भाषा-भूषण) चन्द्रालोक के आधार पर लिखा गया है। 'भाषाभूषण' का प्रभाव हिन्दी के आलङ्कारिकों पर आगे भी दृष्टिगोचर होता है।

चन्द्रालोक के समान ही प्रसन्नराघव का उत्तरवर्ती साहित्य पर प्रचुर प्रभाव पड़ा है। गोस्वामी तुलसीदास ने प्रसन्नराघव के अनेक प्रसङ्गों तथा पद्यों का अक्षरशः अनुकरण किया है। पुष्पवाटिका में सीता-राम का मिलन, लक्ष्मण-परशुराम विवाद तथा विरही राम का विलाप आदि ऐसे प्रसङ्ग हैं जिन्हें गोस्वामीजी ने ज्यों का त्यों ले लिया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रसन्नराघव के पद्यों को भी दोहा और चौपाइयों में अनूदित किया है। उदाहरण के रूप में दो पद्य प्रस्तुत हैं—

"चन्द्रहास हर मे परितापं रामचन्द्रविरहानलजातम्।
त्वं हि कान्तिजितमौक्तिकचूर्ण धारया वहसि शीतलमम्भः॥"
(प्रसन्नराघव ६।३३)

'चन्द्रहास हरु मम परितापं। रघुपति विरह अनल संजातम्।
सीत निशा तव असिबर धारा। कह सीता हरु मम दुख भारा॥"
(रामचरितमानस)

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

"उदर्कभूतिमिच्छद्भिः सद्भिः खलु न दृश्यते।
चतुर्थी चन्द्रलेखेव परस्त्रीभालपट्टिका॥"
(प्रसन्नराघव ७—१)

"सो परनारि लिलारगोसाईं।
तजहु चौथ चन्दा की नाईं॥"
(रामचरितमानस)

तुलसीदास के अतिरिक्त आचार्य केशव ने अपनी पूरी 'रामचन्द्रिका' की रचना प्रसन्नराघव के ही सहारे की है। उदाहरणार्थ दो पद्य प्रस्तुत किये जा रहे हैं—

"अङ्गैरङ्गीकृता यत्र षड्भिः सप्तभिरष्टभिः।
त्रयी च राजलक्ष्मीश्च योगविद्या च दीव्यति॥"
(प्रसन्नराघव ३—७)

"अङ्ग छ सातक आठक सौ भव तीनिहु लोक में सिद्धि भई है।
वेदत्रई अरु राजसिरी परिपूरनता सुभ जोग मई है॥"
(रामचन्द्रिका)

छत्रच्छाया तिरयति न यद्यन्न स्प्रष्टुमीष्टे,
दृप्यद्गन्धद्विपमदमसीपङ्कनामा कलङ्कः।
लीलालोलः शमयति न यच्चामराणां समीरः,
स्फीतं ज्योतिः किमपि तदमी भूभुजः शीलयन्ति॥
(प्रसन्नराघव ३—१२)

"विजय सब छत्रिन आदि दै काहू छुई न छुए विजनादिक बात उठौ,
न घटै न बटै निसिवासर केशव लोकनि को तमतेज भठौ।
भव भूषन भूषित होत नहीं मदमत्त गजादिमसी न लगै,
जलहूँ थलहूँ परिपूरनश्री निमि के कुल अद्भुत ज्योति जगै॥"
(रामचन्द्रचन्द्रिका)

यह सब महाकवि जयदेव की कविता की पीयूषवर्षा का ही परिणाम है कि बहुत दिनों तक कविगण उनके ग्रन्थों को अपनी रचनाओं का उपजीव्य बनाते रहे।

———

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण

रामचन्द्र

विष्णु के अवतार श्री राम प्रसन्नराघव के धीरोदात्त नायक हैं। शील, सौजन्य तथा नम्रता की मूर्ति रामचन्द्र को विश्वामित्र रामभद्र कहते हैं। यह उनकी (राम की) भद्रता का ही परिणाम है। वे गुणों के आकर हैं। यही कारण है कि यदि सरस्वती भी रामचन्द्र के गुणों के समूह की प्रशंसा रूप अमृतमय बावली में स्नान न करें तो स्वर्ग से आने की उनकी थकान ही न मिटे[1]। अधिकांश कविगण अपनी कविता का वर्ण्य-विषय राम को ही बनाते हैं। यह राम के गुणगणों का अवगुण है—

'कवीनां को दोषः ? स तु गुणगणानामवगुणः ।' १—१२

यह अवगुण ऐसा है जिसकी ओर सारी दुनिया विरक्त न होकर अनुरक्त होती है। जिसे शिर-माथे रखती है। ऐसी जगहों में अवगुण शब्द गुणों के बोधक हुआ करते हैं। आखिर जयदेव कवि की सूक्तियों की यही तो वक्रता और कठिनता है, जिसके वे स्वयं दावेदार हैं—'क्वचिद्वक्रता कठिनता च' (पृ० २४)।

राम का सर्वप्रथम दर्शन द्वितीय अङ्क में होता है। वहाँ वे एक सरस युवक कवि की भाँति मधुमास की लक्ष्मी तथा सीता के यौवन का मनोहारी वर्णन प्रस्तुत करते हैं। यौवन की अवस्था में भी उच्छृङ्खलता न होकर शील और सुजनता ही राम के चरित को सुशीतल बना रही है। उन्हें विभीषण का यह वचन पूर्ण याद है कि—'भविष्य में कल्याण की कामना करनेवाले सज्जनों के द्वारा, चौथ के चाँद के समान, दूसरे की स्त्री का ललाट नहीं देखा जाता—

उदर्कभूतिमिच्छद्भिः सद्भिः खलु न दृश्यते।
चतुर्थीचन्द्रलेखेव परस्त्रीभालपट्टिका ॥ ७।१ ॥

यही कारण है कि द्वितीय अङ्क की पुष्पवाटिका में जब सीता के नूपुरों की मधुर झंकार उनके कानों में पड़ती है तो सोचते हैं—'अतः हम लोगों को इस ओर नहीं देखना चाहिये। यह पराई स्त्री है—ऐसी आशङ्का भी रघुवंशियों के लिए सङ्कोच का कारण बनती है'—'तदलमस्माकमितोऽवलोकनेन। परस्त्रीति शङ्कापि सङ्कोचाय रघूणाम्' (पृ० ९४)। किन्तु जब उन्हें यह विदित हो जाता है कि यह वही जनकपुत्री है जिसके लिए हम लोग आये हैं तब उनका सङ्कोच समाप्त हो जाता है। वे रसिक भ्रमर की भाँति सीता के सौन्दर्य का पान छुक-छिप कर करने लगते हैं।

राम के उदात्त-चरित का विकासक प्रसन्नराघव का चतुर्थ अङ्क है। गुरु के

---

१. देखिये—१—११।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

आदेश से उन्होंने धनुष चढ़ाने का प्रयास अभी किया ही था कि धनुष ही टूट गया। इस पर उनके ऊपर परशुराम बिगड़ रहे हैं। जली-कटी सुना रहे हैं। मार डालने की धमकी दे रहे हैं। परशु को राम की गर्दन के पास तक पहुँचा-पहुँचा कर लौटा ले रहे हैं। किन्तु राम हाथ जोड़ते जा रहे हैं। विनती करते जा रहे हैं। वे कह रहे हैं—'आप ब्राह्मण हैं, पूज्य हैं। आपके साथ हम रघुवंशियों के युद्ध की बात भी सङ्गत नहीं बैठती युद्ध करना तो दूर रहा। हम सभी हीन बलवाले हैं। आप बलवानों के मूर्धन्य हैं[1]। पर परशुराम बिगड़ते जा रहे हैं। राम की विनती को वे कमजोर की कमी और नपुंसक की प्रार्थना मान रहे हैं। जब तक वे राम को और क्षत्रियों को बुरा-भला कह रहे थे तब तक तो कोई बात न थी। किन्तु जब उन्होंने विश्वामित्र को अनाप-शनाप कहना शुरू किया तो राम की सहनशीलता पराकाष्ठा पर पहुँच गई। उन्होंने सोचा—'क्या पूज्य विश्वामित्र की निन्दा कर रहे हैं? तो इससे अधिक नहीं सहन करूँगा[2]।' उन्होंने परशुराम को साफ-साफ बतला दिया—'धनुष मैंने तोड़ा है। आपको बुरा लगा है तो लगा रहे। मुझे इसकी कोई परवाह नहीं है[3]।' फिर भी ब्राह्मण परशुराम के साथ युद्ध करने के स्थान पर उन्होंने नारायण के धनुष को चढ़ाने रूप महान् कार्य के विकल्प को ही स्वीकार किया। अन्त में पराभूत परशुराम जब राम की प्रशंसा करते हैं तो वे उनका (परशुराम का) पैर पकड़कर क्षमा माँगते हैं। यह है राम की शालीनता और सज्जनता की पराकाष्ठा।

कैकेयी ने दशरथ से वरदान माँगा है—राम वन जायँ। भरत युवराज बनें—'वनं कौशल्येयो विशतु, युवराजोऽस्तु भरतः (५-४)।' दशरथ छटपटा रहे थे। वे किङ्कर्तव्यविमूढ़ थे। राम ने परिस्थिति को भीषण देखा। प्रसन्न मन से उन्होंने पिता के चरणों में प्रणाम किया और वन को चल पड़े[4]। यह रही राम की पितृ-भक्ति।

राम का बन्धुप्रेम भी उच्च श्रेणी का है। यदि लक्ष्मण ने राज्य-सुख के स्थान में राम के साथ जङ्गल के दुःख का वरण किया है तो राम भी लङ्का के युद्ध में उनके मूर्च्छित हो जाने पर अपने जीवन को ही समाप्त कर देने का निश्चय व्यक्त करते हैं[5]। वे लक्ष्मण के बिना पुनः अयोध्या में प्रवेश करना पाप समझते हैं[6]। बलिदान का प्रतिकार कैसे किया जाता है, यह उन्हें भली-भाँति मालूम है। यदि सीता ने भी अयोध्या को छोड़कर राम के साथ रहना स्वीकार किया है तो राम भी उनके हरण कर लिये जाने पर पागल-से हो जाते हैं। अपने शरीर को भी जला डालते हैं। यह उनका स्त्री-लम्पट स्वभाव नहीं अपितु कर्तव्य की भावना से ओत-प्रोत उदात्त

---

१. देखिये—४—२५ ॥
२. देखिये—पृ० २१८ ॥
३. देखिये—पृ० २१८ ॥
४. देखिये—५—४ ॥
५. देखिये—७—३० ॥
६. देखिये—७—३२ ॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

चरित है। संक्षेप में प्रसन्नराघव के राम मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं। आदर्श पुरुष, बन्धु, पुत्र एवं पति हैं॥

रावण

प्रसन्नराघवकार जयदेव ने प्रतिनायक रावण को राक्षस के रूप में अङ्कित किया है। उसे राक्षस के रूप में घोषित करने के लिए उसकी दुष्प्रवृत्तियाँ ही जिम्मेदार हैं। वह विश्वविख्यात, उत्युन्नत, पुलस्त्य के कुल में उत्पन्न अवश्य है, किन्तु छल-कपट, अभिमान और दुराचरण का तो वह आकर है। आत्मश्लाघा तो उसमें कूट-कूटकर भरी हुई है। नाटक के प्रथम अङ्क में ही वह धनुर्यज्ञ के प्रसङ्ग में दर्शकों के समक्ष चोर की भाँति प्रविष्ट होता है। चोर की भाँति इसलिए कि वह अपने असली रूप में नहीं है। वह शङ्कर के धनुष को उठाने की लाख-लाख कोशिशें करता है। पूरी ताकत के साथ इसी कार्य में जुट जाता है। पर सब निष्फल। सब बेकार। रावण की भुजाओं से शिव धनुष उसी तरह नहीं डिग रहा है जैसे सती का मन कामी पुरुष के चाटु वचनों से नहीं डिगता, नहीं पथ-भ्रष्ट होता। आखिर वह हार मानकर वहाँ से चला जाता है। किन्तु सीता को अपनाने की उसकी भावना शायद अब भी समाप्त नहीं होती।

इसके बाद रावण पञ्चम अङ्क में पुनः चोर की ही भाँति दर्शकों के सामने आता है। अब कि बार उसने अपने असली क्रूर रूप को मुनिवेश से छिपा रखा है। उसका इरादा कुछ जघन्य कृत्य करने का है। अपने इस कृत्य की सफलता के लिए उसने पहले से ही मारीच को कपट-कुरङ्ग के रूप में भेज दिया है। उसे इस बात की जरा भी परवाह नहीं है कि आज वह अपने ही बन्धु मारीच की लाश पर अपने दूषित भाव-भवन को खड़ा करने जा रहा है। समूची दुनिया को भी धोखा देकर वह अपनी अभीप्सा की पूर्ति चाहता है, जानकी को बलात् लङ्का ले जाना चाहता है। यह है उसका असली राक्षस-रूप। अन्त में उसे अपने इस षड्यन्त्र में सफलता मिल भी जाती है। आखिर विधि के विधान को किसने टाला है ?

छठे अङ्क में रावण सीता को मनाने का प्रयास करता है। उसने राक्षसियों की सेना सीता के पीछे लगा रक्खी है। सीता को उद्देश्य करके उसका मन काम से व्याकुल हो रहा है। सीता उसे स्वीकार करने के लिए नहीं तैयार हैं—यह बात उसे बहुत ही खलती है। वह उन्हें मारने की भी धमकी देता है। अपनी चन्द्रहास से भी धमकाता है। एक अबला के सामने अपनी नंगी तलवार नचाने में उसे लज्जा नहीं लगती। यह है उसका राक्षसी रूप।

रावण के राक्षसी रूप के साथ ही उसका एक और रूप है और वह है योद्धा का रूप। वह त्रिलोकी का जाना-माना अद्भुत योद्धा है। उसकी वीरता के आगे देव-मण्डली भी कुछ नहीं है। न जाने कितनी बार देवों को उसने परास्त किया है। उनकी स्त्रियों को बन्दी बनाकर अपने कारागार में रख छोड़ा है। देवमण्डली उसके

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

यहाँ भृत्य का काम करती है। उसे अपनी चन्द्रहास पर, भुजाओं पर पूरा-पूरा भरोसा है। कुम्भकर्ण एवं मेघनाद जैसे योद्धा भाई और पुत्र के मारे जाने पर भी उसे भय नहीं है राम के साथ उसने अपने पराक्रम के बल पर युद्ध ठाना है।

राम-रावण का भीषण संग्राम चल रहा है। अन्त में किसकी विजय होगी इसे जान पाना कठिन है, क्योंकि यह जो राम-रावण का समर है—'तुलाधिरोहः खल्वयं वीरलक्ष्याः। यन्नाम रामरावणयोः समर इति (पृ० ३६२)।' यह रावण की वीरता का ही प्रताप है कि राम भी उसे त्रिलोकी का अनुपम योद्धा मानते हैं—'अये, तदिदं विमानरत्नं यत्किल त्रिभुवनैकवीरः कुबेरानुजः कुबेरादाजहार (पृ०३९४)।'

रावण त्रिलोकी का अनुपम योद्धा अवश्य था। किन्तु उसकी वीरता पापकर्म में ही संलग्न थी। उसने अपने जीवन में कभी पुण्य तो किया ही नहीं। भगवान् शङ्कर की पूजा के पीछे भी उसकी पापभावना ही छिपी थी। वह आशुतोष को प्रसन्न कर, उनसे वरदान पाकर त्रिलोकी को आतङ्कित करना चाहता था और किया भी। अन्त में उसे अपने इन सारे पापों का प्रायश्चित्त राम के बाण-सागर में डूबकर करना ही पड़ा। उसका सारा बल, सम्पूर्ण बन्धुवर्ग और ऐश्वर्य भी उसे न बचा सका। वह सर्वदा के लिए उसी भूमि पर सो गया, जो कभी उसके तेज से दहला करती थी। आखिर पाप का परिणाम ऐसा ही होता है॥

परशुराम

प्रसन्नराघव के अन्दर परशुराम का आगमन झंझावात के समान है। अभिमानी तथा दुष्ट राजाओं के तो वे सहज शत्रु हैं। इनका विनाश परशुराम के परशु की स्वाभाविक क्रीडा है। भूतल पर से २८ बार दुर्वृत्त राजाओं का सफाया करना इसी त्रिलोकजेता योद्धा का उज्ज्वल कार्य है।[१]। जगत् में ऐसा कोई योद्धा नहीं जो क्रुद्ध परशुराम के सामने क्षण भर भी ठहरने का साहस कर सके। उन्होंने भगवान् शङ्कर से धनुर्विद्या सीखी है। महान् गुरु का महान् विद्यार्थी होना भी स्वाभाविक है। गुरुभक्त तो इतने महान् कि विश्व में अपना शानी नहीं रखते। उनके कानों तक जब यह समाचार पहुँचता है कि जनक ने शिवधनुष तोड़ने वाले या चढ़ानेवाले को अपनी कन्या सीता को देने का सङ्कल्प किया है तो उनका सोया हुआ भी कोपानल भड़क उठता है। वे जनक के पास तुरत सन्देश भेजते हैं—'जनक, शङ्कर के धनुष को चढ़ाने की बात से विरत हो जाओ, अन्यथा मेरे परशु से तुम्हारी गर्दन कटने के अलावा कोई दूसरा मार्ग तुम्हारे प्रायश्चित्त के लिए नहीं होगा[२]।' जनक नहीं माने। उन्होंने अपने पूर्वनिश्चय के अनुसार धनुषयज्ञ का आयोजन जारी रक्खा। फिर क्या था, क्रोध की साक्षात् मूर्ति परशुराम जनकपुरी में पहुँच ही गये। उन्होंने इसकी कुछ भी परवाह न

१—देखिये—४-३४।
२—देखिये—३-३८।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

की कि आज वहाँ क्षत्रिय वीरों का जमघट लगा हुआ है। वहाँ पहुँच कर उन्होंने राम के साथ बात करते हुए समूची क्षत्रिय मण्डली को ललकार दिया—

'बाणान् रिपुप्राणहरान् मदीयान् सर्वेऽपि यूयं सहिताः सहध्वम्' ॥४।३६॥

परशुराम का कोपानल भड़क रहा है। लक्ष्मण के तीखे व्यंग्य भरे वचन घी का काम कर रहे हैं। राम ब्राह्मण अतः पूज्य कह कर उन्हें प्रणाम करके मना रहे हैं। एक भाई व्यंग्य बोल रहा है और दूसरा प्रणाम कर रहा है। ब्राह्मण के नाते पूज्य कह रहा है। यह बात परशुराम को अच्छी नहीं लगती। अतः वे बिगड़ कर राम से पूछ बैठते हैं। 'कथं क्षत्रियजातिगर्वितो ब्राह्मणजातिं तृणाय मन्यसे ? तदिदानीमावयोः का गरीयसीति संग्रामतुलैव निर्णेष्यते ॥' (पृ० २०४)। 'कथमन्यमिव मामपि प्रणतिपात्रं मुनिमात्रं मन्यसे ? स एष जामदग्न्यः खल्वहम्' (पृ० २१४)।

अन्त में जब उन्हें विश्वास हो जाता है कि राम कोई साधारण बालक नहीं। यह तो नारायण के अवतार हैं। तब वे प्रसन्न हो उठते हैं और राम को बहुत-बहुत आशीर्वाद देकर पुनः तपस्यार्थ चले जाते हैं। तभी तो पहली दृष्टि में लक्ष्मण ने उन्हें वीर और शान्तरस का विकार बतलाया है—'तद्वीरशान्तरसयोः किमयं विकारः ?' (४-१५)। वस्तुतः परशुराम का चरित निकाल देने से प्रसन्नराघव छूछे नारियल के समान प्रतीत होता है। वस्तुतः कवि ने वीररस का चूडान्त निदर्शन प्रस्तुत करने के लिए ही अपने नाटक के पूरे एक अङ्क में परशुराम के धधकते अङ्गारे के समान चरित को प्रस्तुत किया है।

लक्ष्मण

इस नाटक में लक्ष्मण का चरित एक सच्चे और बलिदानी भाई तथा वीरता से लबालब भरे हुए युवक के निर्मल चरित के रूप में अङ्कित है। सर्वप्रथम नाटक के द्वितीय अङ्क में राम के साथ वे दर्शकों के समक्ष रङ्गमञ्च पर आते हैं, किन्तु इस अङ्क में तथा आगे के तीसरे अङ्क में भी ऐसी कोई बात नहीं है जो उनके चरित को उभार कर सामने ला सके। हाँ चौथे अङ्क में परशुराम के साथ वार्तालाप के समय उनके चरित का वीरस्वरूप अवश्य विकसित रूप में सबके सामने आता है। जिस समय परशुराम के तेजस्वी व्यक्तित्व के सामने बड़े-बड़े क्षत्रिय योद्धा सहमे हुए एक किनारे दुबके बैठे थे, उस समय लक्ष्मण पूरी निर्भीकता के साथ परशुराम को चिढ़ाने पर तुले हुए थे। अपनी चुटीली व्यंग्य भरी बातों से वे परशुराम को मर्माहत कर रहे थे। वे इस बात को जानते थे कि बड़े भैया राम का विनयभरा व्यवहार प्रचण्डकोपन परशुराम को नहीं मना सकेगा। विष की औषध विष ही होती है। फलतः वे परशुराम को अपने व्यंग्यभरे वचनों से यह सूचित करने लगते हैं कि हमें आपके बाणों एवं परशु की कोई भी चिन्ता नहीं है। उनके दुर्विनय का यह प्रदर्शन भी विदग्धतापूर्ण है—'अलमिह माननीये मुनौ दुर्विनयवैदग्ध्येन' (पृ० २०६)। बात करने की उनकी चतुरता को देखकर वस्तुतः परशुराम भी भीतर ही भीतर आश्चर्यचकित एवं प्रसन्न हैं—'अहो, अस्य क्षत्रियबटोर्वाक्परिपाटीपाटवम्' (पृ० २०८)।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

रामचन्द्र वन जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने लक्ष्मण को सलाह दी है—'वत्स लक्ष्मण, आँखें मूँद कर कुछ वर्षों को इसी अयोध्या में रहकर बिताओ तथा मेरे समान ही भरत की शुश्रूषा करो [१]।' किन्तु लक्ष्मण वह भाई नहीं हैं जो ऐसी परीक्षाओं से कर्तव्य-च्युत हो जायँ। सच्चाई आखिर सच्चाई है। उन्होंने राम से साफ-साफ कह दिया—'आपके साथ रहने पर मेरे लिए चार युग भी चार पहर के बराबर हैं। आपसे बिछुड़ कर रहने पर मेरे लिए चौदह वर्ष भी चौदह मन्वन्तर के बराबर हैं[२]। धन्य है लक्ष्मण का बन्धुप्रेम जो हिमालय जैसी कठिनाइयों को तिल के बराबर भी नहीं समझ रहा है।

सीता के वियोग में रामचन्द्र विक्षिप्त हो रहे हैं। वे वृक्षों और लताओं से अपनी प्रेयसी सीता को पूछते हैं। इन्द्रजाल को देखकर यथार्थ समझ बैठते हैं। किन्तु उनका लघु भ्राता लक्ष्मण भाई के ही समान दुःखी होते हुए उन्हें सँभाल रहा है। आश्वासन दे रहा है। वह जानता है कि यदि हम भी विवेक खो बैठेंगे तो भैया राम की क्या दशा होगी ? वस्तुतः उनका धैर्य अतुलनीय है, प्रशंसनीय है और है साथ ही साथ अनुकरणीय भी।

लङ्का के पास भीषण संग्राम छिड़ा है। त्रिलोकीजेता रावण भयङ्कर आक्रमण कर रहा है। वह सोचता है कि शक्तिप्रहार कर सर्वप्रथम बन्धुद्रोही विभीषण का ही काम समाप्त कर दें। उसे बन्धुद्रोह का मजा चखा दें। लपलपाती हुई शक्ति विभीषण की ओर बढ़ रही है। लक्ष्मण ने सोचा—यदि विभीषण संग्राम में मारा जाता है तो दुनियाँ क्या सोचेगी ? हम लोगों की वीरता किस दिन काम आवेगी। और सबसे बड़ी बात तो यह है कि राम के द्वारा शरणागत विभीषण को अभयदान के ही साथ दिये गये लङ्का के आधिपत्य की बात का क्या मूल्य होगा ? बस, क्या था ! वे तुरत आगे बढ़े और रावण की शक्ति को अपनी छाती पर हँसते-हँसते ओज लिया—'लक्ष्मणेन गृहीतेयं प्रियेव निजवक्षसा (७–२८)।' इसके बाद परिणाम वही हुआ जो होना था। लक्ष्मण चेतनाशून्य हो गिर पड़े। धन्य है लक्ष्मण की वीरता। धन्य है उनकी शरणागतरक्षा की भावना।

———

१—देखिये—५—७।
२—देखिये—५—८।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पात्र-परिचय

पुरुष-पात्र

सूत्रधार	प्रधान नट
नट	सूत्रधार का सहायक
राम	अयोध्यापति दशरथ के पुत्र, नाटक के नायक
लक्ष्मण	दशरथ के पुत्र, राम के लघुभ्राता
विश्वामित्र	महर्षि, राम और लक्ष्मण के गुरु
जनक	मिथिला के अधिपति, राम के श्वसुर
शतानन्द	जनकपुरोहित
दाल्भ्यायन	याज्ञवल्क्य के शिष्य
ताण्ड्यायन	शतानन्द के शिष्य
परशुराम	महर्षि, जमदग्निपुत्र
मञ्जीरक, नूपुरक	स्तुतिपाठक
रावण	लङ्काधिपति, नाटक का प्रतिनायक
बाणासुर	बलि का पुत्र
सागर	समुद्र, नदीपति
रत्नशेखर	इन्द्रजाल दिखलानेवाला
सुग्रीव	वानरेश्वर, राम का मित्र
हनूमान्	सुग्रीव के मन्त्री
माल्यवान्	रावण का मन्त्री
विभीषण	रावण का छोटा भाई
करालक	माल्यवान का सेवक
प्रहस्त	रावण का सचिव
विद्याधर	एक देवयोनि का व्यक्ति
तापस और भिक्षु	राक्षस, रावण के सेवक, कपटवेषधारी
कुब्जक और वामन	जनक के रनिवास के सेवक

स्त्री-पात्र

सीता	जनक की पुत्री, नाटक की नायिका
गङ्गा	भागीरथी, नदी
यमुना	नदी, सूर्य की पुत्री

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

सरयू	नदी
गोदावरी	नदी
तुङ्गभद्रा	नदी
त्रिजटा	राक्षसी, सीता की सखी
मन्दोदरी	रावण की पत्नी
विद्याधरी	विद्याधर की पत्नी
सखी, चेटी आदि	

———

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

॥ श्रीः ॥

प्रसन्नराघवम् ।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्रथमोऽङ्कः

चत्वारः प्रथयन्तु विद्रुमलतारक्ताङ्गुलिश्रेणयः
श्रेयः शोणसरोजकोरकरुचस्ते शार्ङ्गिणः पाणयः।
भालेष्वब्जभुवो लिखन्ति युगपद्ये पुण्यवर्णावलीः
कस्तूरीमकरीः पयोधरयुगे गण्डद्वये च श्रियः॥ १ ॥

अपि च—

आकल्पं मुरजिन्मुखेन्दुमधुरोन्मीलन्मरुन्माधुरी-
धीरोदात्तमनोहरः सुखयतु त्वां पाञ्चजन्यध्वनिः।
लीलालङ्घितमेघनादविभवो यः कुम्भकर्णव्यथा-
दायी दानवदन्तिनां दशमुखं दिक्चक्रमाक्रामति ॥ २ ॥

प्रणम्य सिद्धमीश्वरं गुरुं सुधीवराञ्चितं
विधीयते जगत्प्रसिद्धनाटकं मनोहरम्।
प्रसन्नराघवं रमाख्यव्याख्यया समन्वितं
त्रिपाठिभी रमादिशङ्कराभिधैः शिवप्रियैः॥

अन्वयः—विद्रुमलतारक्ताङ्गुलिश्रेणयः, शोणसरोजकोरकरुचः, शार्ङ्गिणः, ते, चत्वारः, पाणयः, श्रेयः, प्रथयन्तु; ये अब्जभुवः, भालेषु, पुण्यवर्णावलीः, (तथा), श्रियः, पयोधरयुगे, गण्डद्वये, च, कस्तूरीमकरीः, युगपत्, लिखन्ति ॥ १ ॥

टीका—निर्विघ्नेन प्रारिप्सितग्रन्थपरिसमाप्तिकामः महाकविर्जयदेवः नान्दीरूपं मङ्गलं ग्रन्थादौ समाचरति—चत्वार इति। विद्रुमलतारक्ताङ्गुलिश्रेणयः—विद्रुमस्य = प्रवालस्य ('विद्रुमः पुंसि प्रवालम्' इत्यमरः) लता इव = वल्ली इव ('वल्ली तु व्रततिर्लता' इत्यमरः) रक्ताः = रक्ताभाः या अङ्गुल्यः = करशाखाः ('अङ्गुल्यः करशाखाः' इत्यमरः) तासां श्रेणयः = पंक्तयः येषां येषु वा ते तथोक्ताः, अत एव शोणसरोजकोरकरुचः—शोणानि = रक्तवर्णानि यानि सरोजानि = कमलानि तेषां ये कोरकाः = कलिकाः तेषामिव रुचः = कान्तयः येषां ते, शार्ङ्गिणः = भगवतः विष्णोः, ते = भुवनप्रसिद्धाः, चत्वारः = चतुःसङ्ख्याकाः, पाणयः = कराः, श्रेयः = कल्याणम्, सामाजिकानामिति शेषः, प्रथयन्तु = विस्तारयन्तु। ये = विष्णोः कराः, अब्जभुवः = ब्रह्मणः, भालेषु = ललाटेषु, पुण्यवर्णावलीः—पुण्याः = पवित्राः पुण्यफलद्योतिकाः इत्यर्थः, वर्णावलीः = अक्षरपंक्तीः, तथा श्रियः = लक्ष्म्याः, पयोधरयुगे = विशाले कुचयुग्मे, गण्डद्वये = कपोलमिथुने, च = अपि, कस्तूरीमकरीः = मृगमदनिर्मिताः मकरिकाकाराः पत्ररचनाः च, युगपत् = एककालम्, एवेति शेषः, लिखन्ति = निर्मान्ति। ब्रह्मणो ललाटेष्वक्षरलेखना-लक्ष्म्याः कपोलयुग्मे स्तनयुगले च कस्तूरीमकरीरचनाच्च विष्णोर्विभुत्वं लीलयैव जन्म-

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्रथम अङ्क

अर्थः—मूंगे की लता के समान लाल अंगुलियोंवाले, रक्त कमलों की कली की कान्तिवाले, विष्णु के वे चार हाथ कल्याण का विस्तार करें; जो (हाथ) ब्रह्माजी के ललाटों में पवित्र अक्षरों की पंक्तियों को (तथा) लक्ष्मी के दोनों विशाल स्तनों (और) कपोलों पर भी कस्तूरी से मकरिका (के आकार की पत्ररेखाओं) को एक साथ लिखते हैं ॥ १ ॥

और भी—

बिना परिश्रम के ही बादलों की गड़गड़ाहट के प्रभाव को (अथवा–मेघनाद राक्षस के प्रभाव को) अतिक्रमण करनेवाली, दानवरूप हाथियोंके गण्डस्थल और कानों को (अथवा—दानवरूप हाथियों में कुम्भकर्ण राक्षस को) पीड़ा देनेवाली जो, विष्णु के मुखचन्द्र से मधुरता के साथ निकलने वाले वायु की माधुर्य से गम्भीर, उत्कृष्ट और मनोहर, पाञ्चजन्य शङ्ख की ध्वनि दश दिशाओं को (अथवा—रावण को एवं दिशाओं को) आक्रमण कर रही है (वह) आप (सामाजिकों)को कल्पपर्यन्त सुखी करे ॥ २॥

धारणं तत्तत्कार्यकरणं सीतया विवाहो विलासश्चापि सूचितः । श्लोकेऽस्मिन् उपमारूपकालङ्कारयोश्च संसृष्टिः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तं, तल्लक्षणं यथा—सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम् ॥ १ ॥

अन्वयः—लीलालङ्घितमेघनादविभवः, दानवदन्तिनाम्, कुम्भकर्णव्यथादायी, यः, मुरजिन्मुखेन्दुमधुरोन्मीलन्मरुन्माधुरीधीरोदात्तमनोहरः, पाञ्चजन्यध्वनिः, दशमुखम्, दिक्चक्रम्, आक्रामति, (सः), त्वाम्, आकल्पम्, सुखयतु ॥२॥

भङ्ग्यन्तरेण भाविनीं कथामुन्मीलयन् द्वितीयं नान्दीपद्यमवतारयति—आकल्पमिति । लीलालङ्घितमेघनादविभवः—लीलया = अनायासेन क्रीडया वा लङ्घितः = अतिशयितः मेघस्य = जलदस्य नादः = गर्जितम् तस्य विभवः = प्रभावः येन तादृशः, अथवा लीलया लङ्घितः मेघनादस्य = रावणात्मजस्य राक्षसस्येत्यर्थः विभवः येन तादृशः, दानवदन्तिनाम्—दानवाः = असुराः एव दन्तिनः = हस्तिनः तेषाम्, कुम्भकर्णव्यथादायी—कुम्भेषु = गण्डस्थलेषु कर्णेषु = श्रोत्रेषु च व्यथादायी = पीडाप्रदः, अथवा कुम्भकर्णस्य = तन्नामकस्य रावणानुजस्य व्यथादायी = पीडाप्रदायकः, विजयिनदशत्रोर्विजयध्वनिमुपश्रुत्य पराजितस्य शत्रोर्हृदि व्यथोत्पत्तिर्लोकप्रसिद्धैव, यः = जगद्विश्रुतः, मुरजिन्मुखेन्दुमधुरोन्मीलन्मरुन्माधुरीधीरोदात्तमनोहरः—मुरजितः = मुरनामकस्य दैत्यस्य जेतुः श्रीविष्णोरित्यर्थः मुखेन्दोः = मुखचन्द्रस्य मधुरम् = मनोहरम् यथा तथा उन्मीलन् = निःसरन् यः मरुत् = वायुः तस्य या माधुरी = माधुर्यम् तया धीरः = गम्भीरः उदात्तः = उत्कृष्टः मनोहरः = चित्ताकर्षकः, पाञ्चजन्यध्वनिः—पाञ्चजन्यस्य = विष्णोः

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

अन्यच्च—

नाभीपद्मवसच्चतुर्मुखमुखोद्गीतस्तवाकर्णन-
प्रोन्मीलत्कमनीयलोचनकलाखेलन्मुखेन्दुद्युतिः ।
सक्रोधं मधुकैटभौ सकरुणस्नेहं सुतामम्बुधेः
सोत्प्रासप्रणयं सरोजवसतिं पश्यन् हरिः पातु वः ॥ ३ ॥

(नान्द्यन्ते)

सूत्रधारः—(परितो विलोक्य । सहर्षम् ।) अये, कथममी निजवदनशारदारविन्दनर्तितगिरिनन्दिनीनयनखञ्जनस्य निखिलमुनिजनहृदयरञ्जनस्य विकटजटापटलोत्सङ्गताण्डवितगङ्गातरङ्गनिकरस्य मन्दाकिनीचन्दनललाटिकायमानमुकुटोपनीतनूतनसुधाकरस्य

शङ्खस्य ('शङ्खो लक्ष्मीपतेः पाञ्चजन्यः' इत्यमरः) ध्वनिः = रवः, दशमुखम् = दशधाभिन्नम्, दशसंख्याकमित्यर्थः, दिक्चक्रम् = दिङ्मण्डलम्, अथवा दशमुखम् = दशाननम्, दिक्चक्रञ्च, आक्रामति = दिशां पक्षे व्याप्नोति, रावणपक्षे—आक्रम्य वर्तते, (सः = सः ध्वनिः), त्वाम् = भवन्तं प्रत्येकं सामाजिकम्, आकल्पम् = आप्रलयम् ('प्रलयः कल्पः क्षयः' इत्यमरः), सुखयतु = आनन्दयतु । अत्र मेघनादकुम्भकर्णदशमुखशब्दाश्रितश्लेषैः धीरोदात्तेन विष्णोरवतारेण नायकेन रामेण मेघनादकुम्भकर्णनिराकरणपुरस्सरं रावणस्य निपातनं नाटकस्येतिवृत्तं सूचितम् । तत्सूचनञ्च कथितं नाट्यप्रदीपे नान्दीलक्षणप्रसङ्गे—'आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशोऽन्यतमा मता ' इति । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥२॥

अन्वयः—नाभी-पद्म-वसच्चतुर्मुख-मुखोद्गीत--स्तवाकर्णनप्रोन्मीलत्-कमनीयलोचन-कला-खेलन्मुखेन्दु-द्युतिः, मधुकैटभौ, सक्रोधम्, अम्बुधेः, सुताम्, सकरुणस्नेहम्, सरोजवसतिम्, सोत्प्रासप्रणयम्, पश्यन्, हरिः, वः, पातु ॥ ३ ॥

